

नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 1 अगस्त , 2025


एक नजर में

## तप से ही व्यक्तित्व में निखारता है



**नागदा ( धार )।** * तप से ही व्यक्तित्व मे निखारता आती है और तप ही जीवन को महान बनाता है, अपनी रसनेंद्रियों पर विजय पाकर 31 उपवास की दीर्घ तपस्या पूर्ण की, वह अनुकरणीय है। उक्त अनमोल वचन वर्षावास हेतु स्थानक भवन गाँव में विराजीत पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्रमुनिजी मसा की आज्ञानुवर्तिनी प्रवचन प्रभाविका संयम रुचिका पूज्या श्री संयमप्रभाजी मसा 'संयम' आदि ठाणा 6 ने मासक्षमण 31 उपवास के तपस्वी आशीष सुराना के बहुमान समाहरो में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं के बीच कही। संघ द्वारा पुष्प माला पहनाकर, शाल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर तप से बोली लगाकर तपस्वी का बहुमान किया। बोली मे अभिषेक मोदी द्वारा 21 उपवास से, कुलदीप पँवार कानवन द्वारा 16 उपवास से, दीपक जैनटी द्वारा 11 उपवास से बोली लगाकर तपस्वी आशीश सुराना का बहुमान किया। साथ ही श्रीमती रानी सुराना ने 51 उपवास खुले-खुले करना की बोली लगाकर बहुमान किया। इस अवसर पर मूर्ति पूजक श्रीसंघ अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा एवं अणु मित्र मण्डल सदस्यों द्वारा भी बहुमान किया। आयोजित कार्यक्रम में स्तवन व उद्धबोदन के साथ ही परिवार द्वारा प्रभावना वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन सुनील चैधरी ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय जैनटी ने दी।

## कर्ज से परेशान कारोबारी ने लगाई फांसी

इंदौर . रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में गारमेंट फैक्ट्री संचालक 65 वर्षीय कारोबारी फैक्ट्री में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . वे रोज रात 10 बजे तक घर लौटते थे, लेकिन देर रात तक नहीं आने और फोन नहीं उठाने पर बेटे सागर और चाचा ने फैक्ट्री जाकर देखा, जहां वे फंदे से लटके मिले . हीरा नगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि मृतक राजू नानकानी के घर पहुंची पुलिस ने मौके से दो पेज का सुसाइड नोट जब्त किया है, जिसमें राजू ने कर्ज और कर्जदाताओं की लगातार धमकियों का जिक्र किया है . मूल रूप से क्लिफ्टन प्राइड, निपानिया निवासी राजू ने मंगलवार को अपने भाई को घर भेज दिया था, यह कहकर कि कुछ काम है और वे फैक्ट्री में ही रुकेंगे . देर रात जब वे नहीं लौटे, तो परिजन फैक्ट्री पहुंचे, जहां उन्हें फांसी पर लटका पाया गया . पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर जांच शुरू कर दी है . उनके बेटे ने पुलिस को बताया कि पिता कुछ समय से आर्थिक तनाव में थे, लेकिन उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि कर्ज कितना है और किनसे लिया है . फिलहाल पुलिस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, वहीं परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी .

## विदा लेने के पहले लड्डू गोपाल घूमे मंदिरों और सराफा में




इंदौर . सिवनी मालवा के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल ने शहर के भक्तों से विदा लेने के पूर्व विभिन्न धर्मस्थलों पर पहुंचकर दर्शन भी किए और शहर भ्रमण कर सराफा चाट-चौपाटी के व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया . वे केशरबाग रोड स्थित देवी अहिल्या माता गोशाला भी गए और प्रतीकात्मक रूप से गोसेवा का अपना धर्म भी निभाया . कार्यक्रम संयोजक गोविंद सिंघल एवं संतोष गोयल ने बताया कि पिछले तीन दिनों से विक्रम टावर, सपना-संगीता के पीछे स्थित अग्रवाल नगर में सिंघल निवास पर भक्तों को दर्शन दे रहे लड्डू गोपाल बुधवार को सिवनी मालवा के लिए विदा हुए . सैकड़ों भक्तों ने उन्हें श्रद्धा-भाव के साथ विदा किया . इसके पूर्व वे नवलखा स्थित कांटाफोड़ शिव मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर के ट्रस्टी बी .के . गोयल, विकास अग्रवाल, रितेश मित्तल, पिंकी-रवि अग्रवाल आदि ने उनकी अगवानी कर उन्हें मंदिर स्थित सभी देवालयों के दर्शन कराए . हरि-हर मिलन का यह दृश्य काफी भावपूर्ण बना रहा . इसके पश्चात वे अहिल्यामाता गोशाला भी पहुंचे, जहां अंकित गोयल, प्रयोग गर्ग, सौरभ बालाजी एवं अग्रसेन यूथ क्लब के अन्य सदस्यों ने उन्हें गोशाला का भ्रमण कराया . लड्डू गोपाल मरीमाता स्थित प्राचीन हरदमलाला अतर मारुति मंदिर भी पहुंचे और उन्होंने वहां दर्शन के बाद भक्तों को अपनी सेवा का अवसर भी दिया . लड्डू गोपाल की सबसे दिलचस्प यात्रा सराफा चाट-चौपाटी की रही, जहां उन्होंने रबड़ी और मालपुए सहित इंदौर के विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया . इस दौरान गोविंद सिंघल, संतोष गोयल, रामदास सिंघल, राजेन्द्र सिंघल, हितेश गोयल भी उनके साथ रहे . सिवनी मालवा के लिए वे आशीष सिंघल एवं अंजलि सिंघल के साथ प्रस्थित हुए .संयोजक गोविंद सिंघल ने सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया .

## लोगों को हड्डी की सेहत के प्रति करेंगे जागरूक



इंदौर . स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवनशैली आज हर व्यक्ति की ज़रूरत बन गई है . बदलती दिनचर्या, बढ़ती बीमारियों और सड़क दुर्घटनाओं के खतरे के बीच लोगों को अपनी सेहत और सुरक्षा के प्रति सजग बनाना समय की मांग है . इसी को ध्यान में रखकर इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन की पहल पर इस वर्ष 'नेशनल बोन एंड जॉइंट डे' 4 अगस्त को केवल एक दिन तक सीमित न रखते हुए 1 से 7 अगस्त तक नेशनल बोन एंड जॉइंट वीक के रूप में मनाया जाएगा . इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ . हेमंत मंडोवरा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा हमारा उद्देश्य केवल हड्डियों और जोड़ों की बीमारियों का इलाज करना ही नहीं है, बल्कि लोगों को कम उम्र से ही सजग बनाना है . शहर के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों में ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम चलाकर छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन पर मोबाइल न वापरने, और सुरक्षित ड्राइविंग जैसी ज़रूरी आदतें सिखाई जाएंगी . प्रमुख चौराहों पर जागरूकता कैंप लगाकर राहगीरों को सड़क सुरक्षा और हड्डियों की सेहत की जानकारी दी जाएगी . प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों को जोड़ों और हड्डियों की समस्याओं की पहचान और बचाव के उपाय समझाए जाएंगे . अंत में, एक 'व्हाइट पेपर' प्रशासन को सौंपा जाएगा, जिसमें बुजुर्गों की हड्डी संबंधी चुनौतियों और उनके समाधान के सुझाव होंगे, ताकि समाज में दीर्घकालिक सुधार किए जा सकें .इंदौर चैप्टर के सचिव डॉ . अर्जुन जैन ने कहा यह सप्ताह सिर्फ एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि एक सतत सामाजिक पहल है, जिसमें अलग-अलग गतिविधियों के जरिए हर वर्ग तक जागरूकता पहुंचाई जाएगी .

## वीर गोगादेव की पवित्र छड़ी व निशान का पूजन 3 को

इंदौर . सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी 3 अगस्त को साम 6 बजे जाहरवीर गोगादेव के पवित्र छड़ी निशान यात्रा एवं पूजन का दिव्य आयोजन रखा गया है . आयोजन समिति की ओर से महेन्द्र सिंह चौहान एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि यह दिव्य यात्रा महूनाका स्थित महाराणा प्रताप चौराहा से आरंभ होकर रणजीत हनुमान मंदिर होते हुए फूटी कोठी स्थित दस्तूर गार्डन पहुंचेगी, जहां समाज के सभी वर्ग के लोग छड़ी निशान का पूजन कर समरसता भोज में भी शामिल होंगे .

# फॉर्मेसी कौंसिल ने डिस्काउंट बोर्ड लगाने पर प्रतिबंधित किया

## किसी भी तरह का छूट डिस्काउंट संबंधी बोर्ड, नहीं तो दवा दुकानों पर होगी कार्रवाई

**धार ,** धार जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री एवम सचिव आशीष बांगर ने बताया कि अब दवा दुकानों में किसी भी तरह डिस्काउंट संबंधी बोर्ड लगाना अवैधानिक हो गया है । मध्यप्रदेश राज्य फॉर्मेसी कौंसिल ने डिस्काउंट संबंधी बोर्ड लगाने को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है । विगत दिवस आल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई जिसमे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि उपभोक्ताओँ को आकर्षित करने के लिए कुछ दुकानदार डिस्काउंट के बोर्ड ऐवम विज्ञापन सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रदर्शित करते रहते हैं । जो फॉर्मेसी अधिनियम 1948 के तहत ऐक्ट की धारा 7 व 8 के अंतर्गत दवाइयों के विक्रय में दिया जाने वाला प्रलोभन व छूट ( डिस्काउंट ) का विज्ञापन देना व बोर्ड प्रदर्शित करना न केवल अवैधानिक है बल्कि दवा व्यवसाय की गरिमा को भी ठेस पहुँचाने का प्रयास करता है ।



डॉ. अशोक शास्त्री

और बांगर ने बताया कि पंजीकृत फार्मासिस्ट के द्वारा उक्त नियमों का उल्लंघन करने पर मध्य प्रदेश फ़ार्मेसी कॉन्सिल उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती हैं तथा उनके फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन निलंबित या निरस्त किया जा सकता हैं , साथ इस क़ानून के तहत मेडिकल स्टोर्स के संचालक को भी दंडित किया जा सकता हैं । उन्होंने बताया है कि यह भी देखा गया है कि कुछ बड़े व्यापारी अपनी मजबूत आर्थिक स्थिति का फ़ायदा उठाने के लिए इस प्रकार की छूट डिस्काउंट के अवैध विज्ञापन से छोटे व्यापारियों के लिए एक प्रतिस्पर्धा पैदा करते हैं । जिसकी वजह से छोटे व्यापारियों को अपने व्यवसाय में बड़ा संकट पैदा हो जाता हैं ।

डॉ. शास्त्री ने बताया की मध्यप्रदेश फार्मेसी कौंसिल ने डिस्काउंट संबंधी बोर्ड लगाने को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया है तथा प्रतिस्पर्धा कानून 2022 की धारा 4 के अनुसार इससे हमारे देश प्रदेश के विकास पर भी प्रतिकूल असर पड़ता हैं तथा जनहित के विरुद्ध है । प्रतिस्पर्धा आयोग इस कृत्य के लिए दंडित भी कर सकता हैं । इस लिए मध्य प्रदेश फ़ार्मेसी कौंसिल व जिला केमिस्ट एसोसिएशन सभी दवा विक्रेताओं से निवेदन करता हैं कि तत्काल इस तरह विज्ञापन व छूट ( डिस्काउंट ) या प्रलोभन देने वाले विज्ञापनों को प्रदर्शित करने वाले कोई बोर्ड हो तो उन्हें तुरंत हटा दें एवम् अपने प्रतिष्ठानो पर किसी भी तरह की कार्यवाही से बचा जा सके ।



# पांच दिवसीय सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन /अभिषेक अनुष्ठान

**धार, कलियुग में मोक्ष की प्राप्ति और मानव की मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु धर्म शास्त्रों अनुसार पार्थिव शिवलिंग पूजन का ही विशेष महत्व है। हिन्दू धर्म अनुसार पार्थिव शिवलिंग पूजन के द्वारा भगवान शिव की साधना - आराधना ही सबसे आसान और अभीष्ट फल प्राप्ति हेतु सर्वोत्तम पूजन है।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास मे पांच दिवसीय सवा करो? पार्थिव शिवलिंग निर्माण ,पूजन व अभिषेक का कार्यक्रम *डॉक्टर आचार्य अविनाश जी उपाध्याय*उज्जैन के सानिध्य मे 27 जुलाई से

प्रारम्भ होकर 31जुलाई को पूर्णाहुति यज्ञ के साथ सम्पन्न सम्पन्न हुआ जो जिसमे सैकड़ों की संख्या मे मातृशक्ति व शिवभक्तों ने सहपारिवार पधारकर पांच दिवस तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन व अभिषेक कर पवित्र श्रावण माह में बह रही धर्म गंगा में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम मे मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो से पधारे 11 ब्राह्मणो द्वारा प्रतिदिन मन्त्रोंच्चार के साथ इस पांच दिवसीय अनुष्ठान को सम्पन्न करवाया गया।

हिन्दू हम सब एक,हम सभी करे शिव अभिषेक इस उद्देश्य को लेकर संस्था सहोदर द्वारा किये जाने वाले इस समरसता आयोजन का यह तृतीय वर्ष है इस कार्यक्रम का उद्देश्य भक्तिभाव के माध्यम से हिन्दू समाज की सर्वांगीण उन्नति कर समरसता का मार्ग प्रशस्त करना है

उक्त आयोजन मे संस्था के पंकज जी घो?, निर्मल जी गायकवा?, आशीष जी राठौ?, कमलेश जी पाटीदार, प्रकाश जी सोलंकी, मनोज जी प्रजापति, रविन्द्र जी सिकरवार, अमन जी बड़जत्या, अमित जी वाणी, विशाल जी जोशी, कपिल जी तिवारी, विजेंद्र जी ठाकुर, मंदीप जी महाले, राजेश जी रावल,ममता जी जोशी,गौरव घोड़े,रतन जी भाबर

सहित अनेक कार्यकर्ता सहपरिवार उपस्थित रहे।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण,पूजन व अभिषेक के अनुष्ठान के अंतिम दिवस में मुख्य अतिथि के सानिध्य में शास्त्रोक्त विधि से आचार्य डॉ अविनाश जी उपाध्याय एवं समस्त ब्राम्हण आचार्यों द्वारा धारानगरी के प्रजाजनो की सुख, शान्ति एवं समृद्धि हेतु यज्ञ हवन कर कार्यक्रम की पूर्णाहुति की गई। उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष मृणाल दौराया ने दी।

## अतिशय क्षेत्र आहू में भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

**धार।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र आहू पर जैन धर्मावलंबियों ने अपने आराध्य देव 23वें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा, पूजा कर निर्वाण लाडू च?ाए गए। मंदिर के शिखर पर नई ध्वजा फहराई गई। जानकारी देते हुए कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष नवीन गोधा ने बताया कि ग्राम आहू में दिगम्बर जैन मंदिर के मूल नायक भगवान श्री पार्श्वनाथ होने से आज के इस मोक्ष महोत्सव का महत्व ओर भी ब? जाता है। आज ही के दिन भगवान सम्मेद शिखर जी से मोक्ष सिधारे थे। इस उपलक्ष्य में जैन धर्मावलंबी यहां सुबह से आकर धार्मिक कार्यक्रम मे जुट जाते है। तीर्थ क्षेत्र आहू में प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य प्रमोद टोंग्या परिवार धार को प्राप्त हुआ। वहीं शांतिधारा करने का सौभाग्य पवन गंगवाल धार व सुरेन्द्र जैन आहू वाले को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार निर्वाण लाडू च?ाने का सौभाग्य मंयक, मयूर, प्रदीप छाब?ा परिवार को प्राप्त हुआ । श्री गोधा ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर की ध्वजा भी स्थापित की गई जिसका सौभाग्य जूगमंदर विकास छाबछ़ा व चन्द्रप्रकाश गंगवाल आहू वाले को प्राप्त हुआ। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, सुभाष गंगवाल, विकास छाब?ा,चन्द्र प्रकाश गंगवाल तथा पंकज पापलिया ने शास्त्री जिनेंद्र जैन का शाल श्रीफल देकर सम्मान करते हुए सभी का आभार माना।

## पारस जैन जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य नामित

**टांडा( धार )-** कलेक्टर के द्वारा जिला विकास समिति का गठन किया गया। इस समिति में टांडा के समाजसेवी एवं व्यापारी पारस जैन को भी नामित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहाकार समिति को नामित किया गया। जिसमें व्यापारी क्षेत्र से सदस्य के रूप में टांडा के वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन को नामित किया गया। ज्ञात हो कि पारस जैन टांडा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में भाजपा के दिग्गज नेता हैं। पारस जैन पूर्व में ग्राम पंचायत टांडा के पूर्व सरपंच व बाग जनपद पंचायत के सदस्य भी रहे है।वर्तमान में जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष के साथ -साथ विभिन्न दायित्व पर है।

## सागवाल में श्रीमद् भागवत गीता की भव्य शोभायात्रा निकली

**सरदारपुर ।** अंबिका धाम पाटीदार समाज माताजी मंदिर प्रांगण में सात दिवसी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का, भव्य आयोजन किया जा रहा है ,,, कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया। कथा के छठे दिन बुधवार को रुक्मणी कृष्णा विवाह का आयोजन किया गया पंडित श्री अशोकानंद अमरगढ़ वाले ने रुक्मणी कृष्ण विवाह का प्रसंग भक्तों को सुनाया श्रद्धालु द्वारा रुक्मणी विवाह में कन्यादान किया गया कृष्ण रुक्मणी के स्वरूप में बालिकाओं ने कथा में सभी भक्तों को दर्शन दिए धूमधाम से रुक्मणी विवाह संपन्न हुआ आसपास के विभिन्न गांव से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे थे पंडित अशोकानंद जी अमरगढ़ वाले ने बताया कि भागवत कथा सुनने से सात जन्म के पाप नष्ट हो जाते हैं



कथा के सातवें दिन कृष्ण सुदामा की कथा सुनाई गई कथा समापन के पश्चात महा आरती व महाप्रसादी का वितरण किया गया पंडित जी को घोड़ी पर बिठाकर अंबिका धाम माताजी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा राम मंदिर पहुंची जहां पर ग्रामीण द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया शोभायात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष व महिला ने भाग लिया माता और बहनों द्वारा गरबा नृत्य किया गया शोभायात्रा का समापन अंबिका धाम माताजी मंदिर पर किया गया । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी महेश पाटीदार सागवाल द्वारा दी गई है

## राजेश हारोड श्री गुजराती रामी माली समाज मालव प्रान्त उपाध्यक्ष नियुक्त

**धार।** विगत दिनो श्री गुजराती रामी माली समाज मालव प्रान्त की बैठक तराना में सम्पन्न हूई मालवा प्रान्त के अध्यक्ष यशवंत नेहरू एवं संयोजक पूनम चंद माली की सहमती से धार से पूर्व पार्षद एवं धार समाज के वरीष्ठ कार्यकर्ता एवं श्री राम मंदीर धार के पूर्व अध्यक्ष तथा नरसिंहघाट धर्मशाला उज्जैन के पूर्व महामंत्री राजेश हारोड को मालवा प्रान्त उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

उनकी नियुक्ति पर धार समाज अध्यक्ष मुकेश मकवाना, लक्ष्मीनारायण चावडा, प्रकाश डोडीया, महेश हारोड, बालाराम चावडा सहित समाज जन उपस्थित थे। यह जानकारी श्री लक्ष्मीनारायण चावडा द्वारा दी गई।








एक नजर

समिति का उद्देश्य जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाना है

# जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य का जिला कार्यालय में स्वागत

**धार।** मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में धार जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य की घोषणा धार कलेक्टर द्वारा की गई जिसमें वर्तमान सांसद और विधायक समेत भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती पुर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तिगांव ,पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी,वेलसिंह भूरिया,डॉ. शरद विजयवर्गीय,उमेश गुप्ता ,चतर सिंह बीजूर,नीलाम्बर शर्मा अमझेरा,सुभाष जायसवाल पीथमपुर सहित जिले के 20 प्रतिनिधियों को सदस्य बनाया गया है।



गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती नव नियुक्त जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य का स्वागत किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती ने बताया कि जिला विकास सलाहकार समिति में उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाज सेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के नामित 20 प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। समिति के उददेश्य एवं कार्य इस प्रकार हैं- जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएँ बनाना।



जिले के परंपरागत कौशल को चिन्हित कर प्रधानमंत्री के ऽवोकल फॉर लोकलऽ के सिद्धांत के दृष्टिगत उन्हें राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देते हुए जिले की समृद्धि का रोडमैप तैयार करना। जिले की स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के सुझावों पर विचार करना। जिले में स्थानीय प्रयासों से प्रचलित नवाचारों को योजना के रूप में मूर्त रूप देना। जिले में रोजगार सृजन एवं विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्यों के संबंध में सुझाव देना। उद्योग, व्यापार, जल संरचनाओं के संरक्षण, निर्यात, कृषि, खनिज, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में जिले की कार्ययोजना हेतु सुझाव देना । उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।